### झगड़े में घायल हुए युवक की मौत पर बवाल

# पुलिस से नाराज परिजनों ने लगाया जाम

यमुनानगर, 13 सितंबर (हप्र)



यमुनानगर के भगत सिंह चौक पर सोमवार को पुलिस के खिलाफ रोष प्रकट करते मृतक के परिजन व (इनसेट में) मृतक युवक सूर्य। -हप्र

यमुनानगर में 4 दिन पहले हुए झगड़े में घायल युवक की पीजीआई में मौत के बाद आज परिजनों ने मृतक का शव चौराहे पर रखकर जाम लगा दिया और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। दशमेश कॉलोनी के रहने वाले संजीव शर्मा के बेटे 25 वर्षीय सूर्य की 2 दिन पहले पीजीआई में मौत हो गई थी। 4 दिन पहले सूर्य पर इलाके के दर्जनों युवकों ने हमला कर दिया था, जिस पर उसे गंभीर हालत में पीजीआई भर्ती करवाया गया था वहां उसकी मौत हो गयी। आज पीजीआई से पोस्टमार्टम के बाद उसका शव लेकर परिजन यमुना नगर पहुंचे। इस दौरान भारी संख्या में मृतक के परिजन व आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए जिन्होंने यमुनानगर के भगत सिंह चौक पर शव रखकर जाम लगा दिया। इस पर भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। डीएसपी प्रमोद कुमार ने मृतक के परिजनों को सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया, जिसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के भाई का आरोप है कि डेढ़ साल पहले उसकी टांगें तोड़ दी थी, पुलिस को लगातार शिकायतें दी गई लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब 4 दिन पहले उसके भाई पर हमला किया गया जिसके बाद उसकी मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि हमला करने वाले खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस ने इनमें से 2 को नाबालिग बता कर छोड़ दिया है।

**डीएसपी का कहना है**

डीएसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि इस संबंध में परिजनों ने 9 लोगों के नाम दिए थे, जिन पर मामला दर्ज करके 4 को राउंडअप किया गया था। परिजनों ने सीसीटीवी देखकर 15 और युवकों के नाम दिए हैं। जल्दी ही उनको भी राउंडअप किया जाएगा।

## कविता लेखन में अंदाज ने मारी बाजी

कैथल, 13 सितंबर (हप्र)

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सजूमा में हिंदी पखवाड़ा की हर प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज विद्यालय में स्वरचित कविता लेखन, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कविता लेखन में कक्षा 6 से 8 के छात्र अंदाज ने, भाषण प्रतियोगिता मे प्रिन्स ने व 9 से 12 के विद्यार्थियों में कविता लेखन में मंजीत, भाषण प्रतियोगिता में शीतल ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के संयोजक बलवान शास्त्री ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का हिंदी ज्ञान बहुत सुदृढ़ होता है और विद्यार्थियों की हिंदी भाषा के पठन-पाठन में रुचि का विकास होता है। वास्तव में हिंदी में वैश्विक भाषा बनने की क्षमता है। ये प्रतिस्पर्धाएं छात्र-छात्राओं के लिए भविष्य में अपार संभावनाओं के द्वार खोलेंगी।

## डूबने से हुई 2 बच्चों की मौत पर विधायक ने जताया शोक

पानीपत, 13 सितंबर (निस)

पानीपत के वार्ड 11 की सैनी कालोनी में अभी 10 दिन पहले ही तालाब में डूबने से दो बच्चों 12 वर्षीय नितिन व 14 वर्षीय नीरज की मौत हो गई थी। बच्चों की खेलते हुए गेंद तालाब में चली गई थी और वे गेंद निकालने के लिये तालाब में घुसे तो बाहर नहीं निकल पाये, जिससे उनकी मौत हो गई थी। पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज सोमवार को सैनी कालोनी पहुंचे और उन्होंने दोनों बच्चों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने मृत बच्चों के परिजनों को अपने निजी कोष से 2-2 लाख रुपए देने की घोषणा की है। विधायक ने दोनो बच्चों के परिजनों को आश्वासन दिया कि यदि उनके परिवारों में से कोई पात्र हुआ तो उसको डीसी रेट पर नौकरी लगवाने का प्रयास करेंगे।

## नहीं जलने देंगे फाने, सरकारी टीमों की रहेगी नजर

कैथल, 13 सितंबर (हप्र)

डीसी प्रदीप दहिया ने कहा कि पराली जलाने के मामले में अति संवेदनशील गांवों पर विशेष निगरानी रखी जाए और हर गांव पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। इसके अलावा कृषि विभाग, ग्राम सचिव तथा पटवारियों की ग्राम स्तर पर टीमें बनाई जाएं जो कि किसानों को फसल अवशेष नहीं जलाने तथा पराली प्रबंधन के फायदों के बारे में जागरूक करेंगे। किसान धान फसल की कटाई एसएमएस लगी कंबाइनों से अनिवार्य करवाएं ताकि पराली प्रबंधन आसानी से किया जा सके। उपायुक्त लघु सचिवालय स्थित कान्फ्रेंस हॉल में फसल अवशेष प्रबंधन बैठक के दौरान बोल रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि किसान पराली का उपयोग पशुचारे के साथ-साथ अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए भी कर सकता है। विभाग के उपनिदेशक डॉ. कर्मचंद ने बताया कि 1 लाख 55 हजार हैक्टेयर में धान की रोपाई की हुई है। किसान पराली प्रबंधन कस्टम हायरिंग सेंटर व व्यक्तिगत किसानों के पास मौजूद फसल अवशेष कृषि यंत्रों से तय दरों पर किराये पर मशीनें लेकर प्रबंधन कर सकते हैं। बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र से डॉ. रमेश वर्मा, जिला बागवानी अधिकारी डॉ. प्रमोद, एलडीएम विनोद कुमार, सज्जन कुमार आदि मौजूद रहे।

## वाहन की चपेट में आया वृद्ध, मौत

नीलोखेड़ी, 13 सितंबर (निस)

जीटी रोड पर सोमवार सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पोल्ट्री एरिया निवासी जय किशन शर्मा बुरी तरह से घायल हो गया। राहगीर द्वारा सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंचे परिजन घायलावस्था में उपचार हेतु उन्हें अस्पताल ले गए। पोल्ट्री एरिया निवासी सचिन शर्मा और प्रशान्त शर्मा ने बताया कि उनके 74 वर्षीय पिता जयकिशन शर्मा सवेरे 5.15 बजे घर से सैर के लिए निकले थे। कुछ ही मिनटों के बाद घटना के बारे में जानकारी मिली। मौके पर जाकर देखा तो जीटी रोड पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने के कारण वे अचेत हालत में पड़े हुए थे। उन्हें तुरन्त नागरिक अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**खबर है...**

## 'खेलने को प्रेरित करेगी क्रीड़ा भारती'



कुरुक्षेत्र के गांव कमोदा में खेल चौपाल के दौरान उपस्थित ग्रामीण। -हप्र

**कुरुक्षेत्र (हप्र) :** क्रीड़ा भारती द्वारा गांव कमोदा में खेल चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी डीपी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं क्रीड़ा भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष व हॉकी में राज्यपाल अवॉर्डी सुभाष चौहान मुख्य वक्ता व अनिल चौधरी, लाभ सिंह व देवीलाल बारना विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। चंद्रभान कमोदा व ईशम सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संबोधन में मुख्य अतिथि धर्मपाल ने कहा कि क्रीड़ा भारती द्वारा कुरुक्षेत्र के हर गांव में खेल चौपाल आयोजित कर खेलने के प्रति जागरूक किया जाएगा। मुख्य वक्ता सुभाष चौहान ने कहा कि ओलंपिक में अब की बार 7 मेडल भारत के खिलाड़ी लाए हैं, वह दिन दूर नहीं जब 70 मेडल लाएंगे। इस दौरान जिला व प्रदेश स्तर पर खेलने वाले बच्चों संजना, आंचल, कीर्ति, मुस्कान, जानवी व केशव को सम्मानित किया। इस अवसर पर महेंद्र पाल शर्मा, रमेश पाराशर, संजीव कुमार, मोहन लाल व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## 3 बिजलीघरों से सप्लाई आज रहेगी प्रभावित

**सिरसा (निस) :** कुरूंगावाली 133केवी बिजलीघर में मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को तीन बिजलीघरों की बिजली प्रभावित रहेगी। कालांवाली बिजलीघर के एसडीओ रवि कुमार ने बताया कि कुरूंगावाली 133केवी बिजलीघर में मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार को बिजलीघर सुखचैन, कुरूंगावाली व कालांवाली हूडा बिजलीघर के अंतर्गत क्षेत्रों में दोपहर एक बजे से सायं पांच बजे तक बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी।

## मिनी बैंक का ताला तोड़ चोरी का प्रयास

**फतेहाबाद (एस) :** गांव धांगड़ में स्थित मिनी बैंक का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी का प्रयास किया। फतेहाबाद सदर पुलिस ने इस संबंध में बैंक के मैनेजर महेन्द्र सिंह की शिकायत पर अज्ञात व्यकित के खिलाफ चोरी के प्रयास का केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में मैनेजर महेन्द्र सिंह ने बताया कि उनके बैंक की गांव धांगड़ में ब्रांच है। गत रात्रि चोर ब्रांच के सेल्स सेंटर वेयरहाउस का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और चैनल गेट व ऑफिस का ताला तोड़ दिया। चोरों ने ब्रांच में रखे कैश सेफ को भी गैस कटर से काटने का प्रयास किया।

## गणपति के भजन सुनाकर किया मंत्रमुग्ध

**सीवन (निस) :** बोह पट्टी युवा मित्र मंडल द्वारा तीसरा विशाल गणपति महोत्सव सीवन की स्वर्ग द्वार धर्मशाला में मनाया जा रहा है। गणपति महोत्सव के तीसरे दिन काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने पहुंचे। यह जानकारी देते हुए मंडल के सदस्य सागर शर्मा ने बताया कि तीसरे दिन की आरती व संकीर्तन के मुख्यातिथि स्टैंपिंग स्टोन इंटरनेशनल स्कूल की एमडी शैली मुंजाल, मार्कीट कमेटी के पूर्व वाइस-चेयरमैन व समाजसेवी संगीत बंसल व समाजसेवी शीशपाल बंसल थे। भजन गायकों ने भगवान गणपति के भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद आरती की गई व प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विक्रम मुंजाल, ऋषिकेश शर्मा, पवन शर्मा, सुनील राणा, महाबीर राणा, अनिल राणा, विजय शर्मा, रवि राणा, संजय सैनी सहित मंडल के सदस्य व अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बोलेरो की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

सिरसा, 13 सितंबर (निस)

जिला के गांव मोरीवाला के निकट बोलेरो गाड़ी की टक्कर से साइकिल सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के भतीजे अजीत सिंह निवासी मोरीवाला ने बताया कि उसका चाचा सतनाम सिंह साइकिल लेकर पीर की दरगाह पर माथा टेकने के लिए गया हुआ था। वह भी टाटा ऐस गाड़ी लेकर मजार पर गया हुआ था। जब वे माथा टेककर वापस आ रहे थे तो गांव मोरीवाला के शिव मंदिर के बोलेरो ने उसके चाचा की साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे वे साइकिल सहित साइड में जा गिरे, वहीं गाड़ी भी अनियंत्रित होकर उसके चाचा पर पलट गई। आसपास के लोगों ने तुरंत गाड़ी के नीचे से उसके चाचा सतनाम सिंह को निकाला और अस्पताल में पहुंचाया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 'पिछड़ा वर्ग समाज का भला कर रही भाजपा'

जगाधरी, 13 सितंबर (निस)



विमुक्त घुमंतू विकास बोर्ड हरियाणा के सदस्य ओमपाल को भाजपा ओबीसी मोर्चा का प्रदेश सचिव मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कर्णदेव कंबोज ने नियुक्त किया है। प्रदेश सचिव ओमपाल ने कहा है कि आज तक दूसरे सभी दलों ने पिछड़ा वर्ग समाज को महज वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया है। वहीं, भाजपा सरकार इस वर्ग के कल्याण को लेकर कार्य कर रही है। ओमपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह हरियाणा के मुख्य मंत्री मनोहर लाल भी पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। ओमपाल ने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है। सरकार पारदर्शिता के साथ मेरिट पर नौकरियां दे रही है।

## 'रजिस्ट्रियां 300 से कम की तो होगी कार्रवाई'

कैथल, 13 सितंबर (हप्र)

उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि स्वामित्व योजना महत्वपूर्ण योजना है, जिससे गांवों को लाल डोरा मुक्त करने का कार्य किया जा रहा है। राजस्व विभाग व पंचायत विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं लेकिन योजना में अच्छी प्रगति अभी तक नहीं आई है। सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अगले सप्ताह तक स्वामित्व योजना के तहत 300 से ज्यादा रजिस्ट्रियां करवाना सुनिश्चित करें, यदि कम रही तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी चार्जशीट किए जाएंगे। प्रदीप दहिया लघु सचिवालय में स्वामित्व योजना की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। इससे पहले वित्तायुक्त संजीव कौशल वीडियो कान्फ्रेंस से उपायुक्तों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि 114 गांवों में प्रॉपर्टी कार्ड रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए 29900 का टारगेट दिया गया है, जिसमें से अभी 11 823 किए गए हैं। उपायुक्त ने वीडियो कान्फ्रेंस में एसडीएम नवीन कुमार, विरेंद्र ढुल, बीडीपीओ सुरेंद्र शर्मा व रोजी व अन्य अधिकारियों से बातचीत की।

## आस्था व पवित्रता से ही किसी तीर्थ की महत्ता : ब्रह्मस्वरूप



कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर आरती के अवसर पर श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी। -हप्र

कुरुक्षेत्र, 13 सितंबर (हप्र)

देश के विभिन्न राज्यों में शिक्षा, गौ सेवा, संस्कृत, चिकित्सा व तकनीकी आदि क्षेत्रों में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने कात्यायनी मंदिर के समक्ष ब्रह्मसरोवर पर आरती तथा पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प. बलराम शर्मा के परिवार के सदस्यों ने परमाध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर ब्रह्मचारी के साथ जयराम विद्यापीठ से खरैती लाल सिंगला, राजेश सिंगला, प्रवेश राणा, यशपाल राणा, रोहित कौशिक, सतबीर कौशिक, रणबीर भारद्वाज व राजेश प्रसाद लेखवार शास्त्री भी मौजूद थे। ब्रह्मचारी आरती में पहुंचे तो गीता के श्लोकों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। आरती के उपरांत ब्रह्मचारी ने कहा कि किसी भी तीर्थ की महत्ता श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा एवं पवित्रता से है। उन्होंने कहा कि पावन गीता का संदेश पूरे विश्व में पहुंच रहा है। कुरुक्षेत्र तीर्थों की संगम स्थली है। मानव समाज के कल्याण के लिए यहां के तीर्थों की महत्ता विश्व के कोने-कोने में पहुंचनी चाहिए। ब्रह्मचारी ने कात्यायनी मंदिर में भी पूजा की।

## बैटरी चोरी के आरोपी का रिमांड

**टोहाना (निस) :** थाना शहर टोहाना पुलिस द्वारा बैटरी चोरी मामले में गिरफ्तार युवक प्रदीप निवासी धारसूल कलां को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया था। रिमांड के दौरान आरोपी से जब गहनता से पूछताछ की तो गई तो उसने बताया कि बैटरी चोरी करने के लिए उसने जिस कार का प्रयोग किया था, वह कार उसने रतिया से चोरी की थी और उसकी नंबर प्लेट को बदल दिया था। आरोपी को आज अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

**मंदी से दुकानदार मायूस**

# महामारी के चलते गुग्गा मेलों में कम आ रहे श्रद्धालु

अरविंद शर्मा / निस
जगाधरी, 13 सितंबर



जगाधरी के गांव अमादलपुर में महामारी के खतरे के चलते सूना पड़ा मेला। -निस

भादों माह में इलाके में गुग्गा महाराज के मेले जगह-जगह लगते हैं। इन दिनों भी ये मेले लग रहे हैं,लेकिन इन मेलों पर कोरोना महामारी का असर देखने को मिल रहा है। वायरस के डर के मारे बहुत कम लोग ही इन मेलों में पहुंच रहे हैं। वहीं महामारी में काम मंदा होने से दुकानदार मायूस हैं। इस माह में जगाधरी के सिविल लाइन, बूड़िया, दादुपुर, खदरी, नत्थनपुर, जैधर, अमादलपुर, इस्माइलपुर, मनभरवाला सहित दर्जनों जगहों में गुग्गा के मेले लगते हैं। आजकल ये मेले चल रहे हैं। दो दिनों तक चलने वाले इन मेलों श्रद्धालु मन्नत पूरी होने पर गुग्गा माड़ी पर प्रसाद व निशान चढ़ाते हैं। कढ़ी चावल व हलवे का प्रसाद वितरित किया जाता है। इन मेलों में कुश्ती दंगल के आयोजन, मिठाई, जनरल सामान आदि दुकानें व झूले आदि भी लगते हैं,लेकिन दो साल से मेलों की रोनक कोरोना महामारी के चलते बिल्कुल फीकी है। पहले भीड़ लगने वाले ये मेले में अब वीरान पड़े हुए हैं। श्रद्धालु विनय राणा, रजनीश कुमार, बलवींद्र सिंह, राजेश कुमार आदि ने बताया कि कोरोना के कारण गुग्गा माड़ी पर घर का एक व्यक्ति ही धोक मार रहा है। वहीं दुकानदार अमर सिंह, मोलूराम आदि का कहना है कि इन दिनों में मेलों से घर का खर्च निकाल जाता था,लेकिन अब महामारी से सारा ताना-बाना बिगड़ गया है। वायरस के चलते कुछ किया भी नहीं जा सकता। मेले न लगने से दंगलों में कुश्ती लड़ने वाले पहलवान भी परेशान हैं।

**BABU ANANT RAM JANTA COLLEGE OF EDUCATION KAUL (KAITHAL)**
**AFFILIATED TO KURUKSHETRA UNIVERSITY, KURUKSHETRA**
**APPROVED BY NCTE, JAIPUR**
**E-mail: principalbarjcoe@gmail.com Website: www.barjce.org**
**PHONE NO. 01746-254054**

Fresh applications are invited for the following posts on regular basis under Self-Financing Scheme: Principal-01, Assistant Professor in Physical Education-01, Music-01 and Fine Art-01. Qualification, Age and Pay Scale as per SFS rules of KUK. Send your application with complete bio-data and attested copies of certificates with two latest coloured passport-size photographs within 15 days from the date of publication of this advertisement to **Dean of Colleges, Kurukshetra University, Kurukshetra and college office.**

DI-10784 **Ch. Tejvir Singh, President**

**BABU ANANT RAM JANTA COLLEGE KAUL (KAITHAL)**
**E-mail: barjckaul1970@gmail.com, Website: www.barjckaul.com**
**PHONE NO. 01746-254534**

Applications are invited for the appointment of Teaching & Non-Teaching Staff purely on contract basis for the session 2021-22. Apply on prescribed Proforma available in the college office on payment of 200/- for Teaching and Non-Teaching posts within 10 days from the date of publication. Qualification as per KUK & DGHE, Haryana norms.

**Teaching Staff:-** English-01, Hindi-01, Commerce-01, Physics-02, Chemistry-01, Mathematics-01, Public Administration-01, Health & Physical Education-04. Geography-01, Volleyball Coach-01.

**Non-Teaching Staff:-** Clerk-03, Peon-01, Mali-01, Chowkidar-02, Sweeper-01, Lab. Attendant-01, Computer Instructor-01

**Note:** 1. No. of posts may vary as per workload requirement. 2. Interview for Teaching posts on **24.09.2021 at 10.00 A.M.** and Non-Teaching posts on **25.09.2021 at 10.00 A.M.** in **Principal Office.**

**Ch. Tejvir Singh, President** **Dr. Rishi Pal, Principal**
DI-10780

**CH. ISHWAR SINGH KANYA MAHAVIDYALAYA**
**DHAND-DADWANA (KAITHAL)**
**E-mail: ciskmvdhand@gmail.com, Website: www.ciskmvdhand.com**
**PHONE NO. 01746-295095**

Applications are invited for the appointment of Teaching & Non-Teaching Staff purely on contract basis for the session 2021-22. Apply on prescribed Proforma available in the college office on payment of 200/- for Teaching and Non-Teaching posts within 10 days from the date of publication. Qualification as per KUK & DGHE, Haryana norms.

**Teaching Staff:-** English-03, Commerce-03, Physics-02, Chemistry-02, Mathematics-02, History-01, Political Science-01, Psychology-01, Environmental Studies-01.

**Non-Teaching Staff:-** Clerk-02, Library Restorer-02, Peon-02, Mali-02, Chowkidar-01, Sweeper-01 and Lab. Attendant-07, Transport Incharge-01, Computer Instructor-01, Store Keeper-01, Instructor in Physical Education-01.

**Note:** 1. No. of posts may vary as per workload requirement. 2. Interview for Teaching posts on **27.09.2021 at 10.00 A.M.** and Non-Teaching posts on **28.09.2021 at 10.00 A.M.** in **Principal Office.**

**Ch. Tejvir Singh, President** **Dr. Bimla Parmar, Principal**
DI-10779

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खंड छछरौली जिला यमुनानगर की ग्राम पंचायत खारवन में सफाई कर्मचारी की मृत्यु उपरांत एक पद सफाई कर्मचारी हेतु रिक्त है( उक्त पद अस्थाई है)। इच्छुक उम्मीदवार दिनांक 14-09-2021 से दिनांक 24-09-2021 तक किसी भी कार्यदिवस में साधारण कागज पर खंड कार्यालय, छछरौली में आवेदन जमा करवा सकता है। उम्मीदवार अनुसूचित जाति से संबंध रखता हो और आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। संबधित ग्राम पंचायत/ गांव के आवेदक को अंतिम चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। निर्धारित अवधि में प्राप्त आवेदन पत्रों को गठित कमेटी द्वारा जांच उपरांत दिनांक 27-09-2021 को सुबह दस बजे आवेदनकर्ताओं के साक्षात्कार उपरांत अंतिम चयन किया जाएगा।

खंड विकास एंव पंचायत अधिकारी
छछरौली यमुनानगर

**NOTICE INVITING TENDER**

Haryana State Council for Child Welfare invites tender from approved eligible contractors either for the following items or to setup three Virtual Classrooms alongwith their relay centre (for which specific items are not mentioned below) at Panchkula, Karnal and Gurugram:-

| Sr. No. | Items | Specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Videoconferencing System (PTZ Camera Codec) | Sony, Polycom, Panasonic | 1 Nos. |
| 2 | Multimedia Projector | Sony DLP/LCD Projector (3200 ANSI Lumens) | 1 Nos. |
| 3 | Sound System | Sony Sound System | 1 Nos. |
| 4 | Projection Screen | Glass beaded screen (8 ft X 6 ft) | 1 Nos. |
| 5 | Lighting, False Ceiling & Accessories | 700 Sq. ft. roof area (20 ft. X 35 Ft. Height 12 Ft) | - |
| 6 | Carpeting | 700 Sq. ft. floor area | - |
| 7 | Temperature Maintenance System for VC hardware & devices | Blue Star Make | 2 Nos. |
| 8 | UPS System | Online Microteck make with 2 Tubular Batteries | 1600 VA |
| 9 | Furniture | 1. Wooden Benches on steel frame 2. Wooden shoe rack 3. Storage Almirah 4. PC Table with chair | Benches-24 Shoe Racks-2 Almirah & PC Table-1 |
| 10 | Sound Proofing & Accessories etc. | Glasswool/Rockwool, Gypsum boards, Giframing, Plywood etc. for 1320 sqft. Area (20 ft. X 35 ft. Height 12 ft.) | - |
| 11 | 1 Printer, 1 Scanner & 1 PC | - Computer System with AMD A6 operating system, MS Window 8, Chipset 5 Series -Laser Printer (HP MFP M128FN) -HP Laser, Mono/Color; mono minimum printing speed 18ppm category: Simplex, ADF/DADF: No networking: No, FAX : NO | 1 No. each |
| 12 | Router | Cisco Make | 1 No. |
| 13 | HD Cable & connection | 1. HDMI Cable (15Ft.) 2. HDMI to HDMI out and sound out (connector) 3. Audio extension wire | 1 No. each |

The quotation/tender should reach/submit latest by 25.09.2021 upto 4.00 PM in sealed envelope either by hand or registered post in the office of Haryana State Council for Child Welfare, K.No. 650, Sector-16D, Chandigarh. No quotation received after 25.09.2021 upto 4.00 PM, shall be considered. (0172-2770393).

Sd/-
Honorary General Secretary

**दि फतेहाबाद सेंट्रल कोआप्रेटिव बैंक लिमि., फतेहाबाद**
**सामने एमएम कालेज, सिरसा रोड, फतेहाबाद, हरियाणा**
**Phone : General Manager 01667-226410, 226412**
**Office 01667-226411, 226413**
**email : fccb.haryana@gmail.com**
**Visit us at : www.ccbfatehabad.in**

**यह बैंक, बैंक में निम्न वर्णित हेतु चार्टर्ड अकाउंटेंट की सेवाएं हायर करने का इच्छुक है-**

| | |
|---|---|
| 1. | मासिक रूप में जीएसटी रिटर्न दर्ज करवाना (जीएसटीआर-3बी तथा जीएसटीआर-1), हर प्रकार की जीएसटी रिटर्न का मिलान। |
| 2. | जीएसटी आडिट, आईटी आडिट तथा वार्षिक रिटर्न। |
| 3. | फर्म 24 क्यू, 26 क्यू जमा करवाना तथा फार्म 16 एवं फार्म 16 ए (शाखाओं सहित) की जेनरेशन। |
| 4. | फार्म 15 जी/एच को दर्ज करवाना (तिमाही) (सभी शाखाओं सहित)। |
| 5. | टैक्स आडिट तथा आयकर रिटर्न दर्ज करवाना। |
| 6. | विभिन्न केसों का जवाब देना, आयकर हेतु विधि परामर्श देना। |
| 7. | वार्षिक सूचना रिटर्न को भरना। |
| 8. | आवश्यकता के अनुसार अन्य कार्य। |

वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बैंक की उक्त जरूरतों को अपनी सेवाएं प्रदान करने हेतु सीए फर्मों से उद्धरणें आमंत्रित हैं। इच्छुक सीए फर्में निम्नांकित शर्तों को पूरा करती हों :

1. सीए फर्म की स्थापना 10 वर्षों से कम न हो।
2. सीए फर्म के पास आरबीआई वर्ग-I हो।
3. सीए फर्मों को कोआप्रे. बैंकों के टीडीएस/आई.टी. मामलों में 10 वर्ष का अनुभव हो।
4. सीए फर्मों के पास एक DISA मेंबर हो।
5. अपेक्षित शर्तों का प्रमाण उद्धरण के साथ संलग्न करें।
6. सीए फर्म का संचालन क्षेत्र बैंक के नज़दीक हो।

मोहरबंद उद्धरणें डाक या व्यक्तिगत रूप में इस कार्यालय में 23.09.2021 तक पहुंच जानी चाहिए।

PRDH-1184/11/17/2022/4703/31/4 **महा-प्रबंधक**

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| SR. NO. | NAME OF BOARD/ CORP./AUTH | NAME OF WORK/NOTICE/TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT/EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD/CORP./AUTH | NODAL OFFICER/ CONTACT DETAILS/ EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GMDA GURUGRAM | PROVIDING, FIXING, TESTING, COMMISSIONING OF PLC-SCADA CONTROLLED PUMPING MACHINERY AT GMDA BOOSTING STATION, SECTOR-72 NEAR STP BEHRAMPUR, GURUGRAM INCLUDING DLP, O&M FOR 3 YEARS AFTER COMMISSIONING AND ALL OTHER WORKS CONTINGENT THERETO." | 09.09.2021 29.09.2021 | 29.30 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9971673513 xen1.gmda@gov.in |
| 2 | HSVP SONIPAT | ANNUAL MAINTENANCE OF WATER SUPPLY, ROADS SEWER AND SWD IN RGEC SONIPAT. "ARRANGING AND DEPLOYMENT OF VARIOUS CATEGORIES FOR ODD JOBS FOR SMOOTH RUNNING OF SITE/OFFICE AND THE VARIOUS WORKS/SERVICES FOR SIX MONTHS OR TILL AVAILABILITIES OF STAFF WHICHEVER IS EARLIER". | CLOSING DATE 20.09.2021 | EMD 81200/- | https://etenders.hry.nic.in | 0130-2218377 xenrgec2021@gmail.com |
| 3 | HSIIDC | DESIGN, MANUFACTURING, SUPPLY, ERECTION, TESTING & COMMISSIONING FOR ADDITIONAL 12.5 MVA, 33/11 KV TRANSFORMER IN EXISTING 06 NO. 33/11 KV INDOOR SUBSTATION AT IMT BAWAL (HARYANA) ON TURNKEY BASIS. | 15.09.2021 06.10.2021 | 1086.57 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9313472674 se.electrical.hsiidc@gmail.com |
| 4 | HSVP PANCHKULA | BEAUTIFICATION OF MATA MANSA DEVI JAL DHARA FROM SECTOR 4 TO SECTOR 17, PANCHKULA | CIOSING DATE 27.09.2021 | 629.70 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9041580966 xenhuda2@gmail.com |
| 5 | HSVP GURUGRAM | JOB NO. 08/2021 CONSTRUCTION OF INTEGRATED MULTI LEVEL PARKING-CUM-COMMERCIAL INFRASTRUCTURE NEAR WORLD TRADE CENTRE & AUDITORIUM-CUM-COMMERCIAL COMPLEX (KOD) IN SECTOR-29, GURUGRAM. JOB NO. 09/2021 CONSTRUCTION OF INTEGRATED MULTI LEVEL PARKING-CUM-COMMERCIAL INFRASTRUCTURE NEAR FINANCE DISTRICT/COMMERCIAL TOWERS/PUBLIC & SEMI PUBLIC OFFICE/ IFFCO METRO STATION IN SECTOR-29, GURUGRAM | 09.09.2021 30.09.2021 | EMD 1 CRORE | https://etenders.hry.nic.in | 9015244721 xen5hsvpggm@gmail.com |

PRDH/13/2022/100/4690/I/11/4 **FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**